तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 दिसंबर 2025

14 हाईस्कूल लाफिनखुर्द में स्थापना दिवस पर हुए...

14 शांत्रीबाई कालेज में विश्व दिव्यांग दिवस पर...




## खबर संक्षेप



### 10 किलो गांजे जब्त दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रेहटीखोल के पास नेशनल हाईवे पर पुलिस ने बाइक में गांजा तस्करी करते 10 किलो गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि पुराना सरकंडा लोधीपारा जिला बिलासपुर निवासी राजकुमार ठाकुर (42) व कोनी वार्ड-6 थाना कोनी जिला बिलासपुर निवासी सरजू श्रीवास (45) दोनों बाइक से गांजे की तस्करी कर रहे थे। उनके कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में 10 किलो गांजा (मूल्य करीब पांच लाख रुपए ) और तस्करी में प्रयुक्त बाइक सीजी 10 बीयू 3679 सहित अन्य सामान जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### जलकी में ईशर राज गौरा व मड़ई आज

**महासमुंद।** सिरपुर क्षेत्र के ग्राम जलकी में आदिवासी गोंड समाज व ग्रामीणों के सहयोग से 4 दिसम्बर गुरुवार को ईशर राज गौरा एवं मड़ई महोत्सव का आयोजन किया गया है। दोपहर में मड़ई मेला एवं अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम होगा। वहीं शाम को ईशर राजा गौरा माता की बारात निकाली जाएगी। रात्रि में रंग रसिया छत्तीसगढ़ी नाचा का कार्यक्रम होगा।

हादसे : अलग-अलग दो स्थानों पर हुए सड़क हादसे में तीन की मौत

# पिकअप व बाइक की टक्कर, बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

तेंदूकोना से दो किमी की दूरी पर पिथौरा मुख्य मार्ग पर स्थित बगारपाली मोड़ के पास चार पहिया वाहन पिकअप व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधावार को दोपहर साढ़े तीन बजे बाइक चालक अपने साथी के साथ बाइक क्रमांक सीजी 06 एचए 5833 एचएफ डिलक्स से तेन्दूकोना की ओर आ रहे थे, वहीं महेन्द्रा पिकअप चालक वाहन क्रमांक सीजी 11 बीक्यू 8493 से पिथौरा की ओर जा रहा था, तभी यहां से कुछ ही दूरी पर पिथौरा मार्ग में स्थित बगारपाली मोड़ के पास जबरदस्त टक्कर हो गई, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए व बाइक में सवार रमन ध्रुव व लखन ध्रुव मुड़ागांव (सम्हर) निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों मृतक





रिश्ते में चाचा-भतीजा थे। सूचना पर तेंदूकोना थाना प्रभारी सिद्धार्थ मिश्रा व एएसआई सुशील शर्मा तत्काल घटनास्थल पहुंचे, जहां शव का पंचनामा कर पीएम के लिए पिथौरा भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया।

### सड़क हादसा, बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

पिथौरा (ग्रामीण)। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर ग्राम टेका के पास मंगलवार देर शाम हुए सड़क हादसे में बाइक सवार अनित यादव (22) पिता नंदा यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में साथ में बैठे हर्ष ठाकुर (16) पिता खेमराज ठाकुर और रोहित ठाकुर (18) पिता राजू ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि तीनों युवक ग्राम कौड़िया के निवासी हैं और ग्राम टेका के साप्ताहिक बाज़ार में सब्ज़ी लेने जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े ट्रक से उनकी बाइक टकरा गई, जिससे यह दुर्घटना हुई। ग्राम टेका के ग्रामीणों का कहना है कि इसी स्थान पर इससे पहले भी चार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक सुरक्षा के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस दुर्घटनाग्रस्त स्थल पर चेतावनी संकेतक और अन्य सुरक्षा उपाय तत्काल लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# निर्धारित समय के बाद भी पूरी वेतन नहीं देने की शिकायत

9 एम इंडिया कंपनी के सैकड़ों मजदूरों ने विधायक को बताई अपनी पीड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बिरकोनी इण्डस्ट्रीयल एरिया में स्थापित संस्थानों द्वारा श्रम कानून और कारखाना अधिनियम के साथ कर्मियों के शोषण के चलते विरोध के स्वर लगातार मुखर हो रहे हैं। बुधवार को औद्यौगिक क्षेत्र में स्थापित उद्योग 9 एम के कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ श्रम कार्यालय और जनप्रतिनिधियों के सामने मुखरता से अपनी बात रखी। मजदूरों ने कहा कि यहाँ निर्धारित समय से अधिक काम लिया जा रहा है। इसके अलावा यहां कर्मचारियों को पीएफ सुविधा नही दी जा रही है। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है और निर्धारित वेतन से कम भुगतान किया जाता है। उनका आरोप है कि यदि प्रबंधन से अपने हक की बात करो तो नौकरी से निकाल देने की धमकी दी जाती है।

बुधवार को कर्मचारी गण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के निवास पहुंचे और उन्होंने विधायक सिन्हा को बताया कि कंपनी में 300-400 लोग काम करते हैं। वे सभी ठेका पद्धति के तहत काम करते हैं। यहाँ उनसे 8 घंटे की बजाय 10-12 घंटे काम कराया जाता है और ओव्हर टाइम की राशि नहीं दी जाता। कर्मचारियों ने बताया कि उनसे 250 रुपए प्रतिदिन मजदूरी पर कार्य लिया जाता है जो कलेक्टर दर से कम है और समय पर वेतन भी नहीं मिलता। कंपनी में कार्यरत मजदूरों के लिए कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं, कभी भी कोई हादसा हो सकता है। इन समस्याओं को लेकर कई बार प्रबंधन और ठेकेदार से कहा पर कोई सुनवाई नहीं हुई, बाद पिछले तीन दिनों से हड़ताल पर हैं।

**फ्लोटेक्स सोलर कंपनी के मजदूर भी पहुंचे थे कलेक्टोरेट** :सोमवार को ही बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र के फ्लोटेक्स सोलर प्राइवेट कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने पीएफ नहीं मिलने, सुरक्षा के माकूल इंतजामात नहीं होने तथा 8 की जगह 12 घंटे काम लिये जाने की शिकायत की थी। उन्होंने भी आरोप लगाया था कि कंपनी में मजदूर सुरक्षा संबंधी कोई इंतजाम नहीं है। कंपनी में मजदूर ठेकेदार मजदूरों से मारपीट और गाली-गलौज करते हैं और कंपनी के मैनेजर अभद्र व्यवहार करते हैं। मजदूरों ने बताया कि श्रम विभाग में शिकायत करने की बात कहते हैं तो कहा जाता है कि जहाँ शिकायत करनी हो कर दो, कोई फर्क नहीं पड़ता।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में 6 आरोपियों को 10-10 साल की सजा

**महासमुंद।** गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर ने 6 आरोपियों को भदसं की धारा 304 भाग ।। / 149 के तहत 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और 5-5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसी तरह धारा 325/149 के तहत तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास, दो-दो सौ रुपए के अर्थदंड और धारा 148 के तहत एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास और सौ-सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर क्रमशः दो-दो माह और एक-एक माह का अतिरिक्त सजाएं भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार सांकरा थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम सपोस में 5 मार्च 2024 की रात्रि 9 बजे शंकर का नाती अजय ध्रुव, सोमनाथ, तपुराज व हेमंत के साथ गांव के तरफ घुमने गए थे। रोड पर हेतराम धृतलहरे मिला, जिसने तुम लोग चोरी करते हो कह कर गाली गलौज करते हुए तपुराज और हेमंत से मारपीट किया। फोन कर अपने साथी देवराज, करण, चंद्रप्रकाश, सुनील, मनोहर को बुलाकर हाथ मुक्के से मारपीट किया। इसके बाद अजय अपने दोस्तों के साथ घर वापस आकर घटना की जानकारी दी। जिस पर शंकर ध्रुव ने हेतराम से बोला कि बिना कारण ही हमारे लड़कों से मारपीट किए हो, इतना कहने पर आरोपी 34 वर्षीय हेतराम धृतलहरे पिता पुनुराम धृतलहरे, 40 वर्षीय मनोहर धृतलहरे पिता पुनुराम धृतलहरे, 19 वर्षीय करण धृतलहरे पिता रमेश धृतलहरे, 22 वर्षीय देवराज धृतलहरे पिता रमेश कुमार धृतलहरे, 18 वर्षीय चंद्रप्रकाश पटेला पिता नरोत्तम पटेला तथा सावित्रीपुर निवासी 19 वर्षीय सुनील अनंत पिता अजीत ने एक राय होकर हाथ में रखे लोहे के राड से शंकर के साथ मारपीट की और जमीन पर गिरा दिया। बीच बचाव करने आई उसकी बहू हीराबाई ध्रुव के साथ भी मारपीट किया, जिससे हीराबाई को चोंटे भी आई। घटना के बाद आरोपी भाग गए। शंकर को घायल अवस्था में इलाज के लिए नीजि वाहन से पिथौरा लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 323, 147, 302 का अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। कोर्ट ने यह तथ्य सामने आया कि आरोपीगणों के पास मृतक शंकर बातचीत करने आया था और शंकर द्वारा हेतराम को पत्थर से मारे जाने पर विवाद बढ़ा, जिसके परिणाम स्वरूप आरोपीगणों द्वारा मारपीट किया गया। प्रकरण में आरोपीगण का आशय शंकर के मृत्युकारित करने का नही था, जिसके कारण आरोपीगणों को धारा 302 के स्थान पर धारा 304 भाग ।। / 149 के तहत दोष सिद्ध किए जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अभियोजन की ओर अपर लोक अभियोजक तेजेंद्र कुमार चंद्राकर ने पैरवी की।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 371. मेश पटेल पिता\पति ईश्वर पटेल पता- चंगोरा भाटा रायपुर, 372. हेमांगी शांडिल्य पिता\पति अमृत शांडिल्य पता– रायपुर, 373. हरिशंकर चंद्राकर पिता\पति स्व. फूलसिंह चंद्राकर पता- सुन्दर नगर रायपुर, 374. रूप राम साहू पिता\पति चैन सिंह साहू पता - बोरिया खुर्द रायपुर, 375. मिथलेश आडिल पिता\पति अजीत राम आडिल पता- राम नगर चंगोरा भाठा रायपुर, 376. रूपराम देवांगन पिता\पति घसिया राम देवांगन पता- मथपुरेना रायपुर, 377. सृष्टि चंद्राकर पिता\पति देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 378. जितेश कुमार देवांगन पिता\पति बलदेव देवांगन पता- शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर, 379. एशिता सेन पिता\पति जितेन्द्र सेन पता- छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर, 380. त्रिशा सिन्हा पिता\पति पदमलोचन सिन्हा पता- मोहंदा तरपोंगी रायपुर, 381. अनन्या साहु पिता\पति रोशन लाल साहु पता- सरकडा पोस्ट पांडुका, 382. देवानंद साहू पिता\पति महेतरू राम साहू पता- दहदहा धमतरी, 383. लता बाई साहू पिता\पति सनत राम साहू पता- बकली कुरूद धमतरी, 384. सैय्यद मख्मूद अली पिता\पति सैय्यद महमूद अली पता- सिहावा चौक धमतरी, 385. थानेखर सिन्हा पिता\पति राम कुमार सिन्हा पता- भोथिपार खुर्द नयापारा राजनादगांव, 386. पशुपति नाथ ताम्रकार पिता\पति स्व. शंकर लाल ताम्रकार पता- गैंदाटोला राजनादगांव, 387. सुनीता सोनी पिता\पति राकेश कुमार सोनी पता- सोनार पारा राजनादगांव, 388. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता- बेमेतरा, 389. झामिन देवांगन पिता\पति हरीश कुमार देवांगन पता- सरगपाल कांकेर, 390. ईश्वर चंद खिस्ती पिता\पति स्व. सूर्यकान्त खिस्ती पता- चितौद पुरुर धमतरी, 391. सरिता राव पिता\पति M.G. राव पता- नयापारा जगदलपुर, 392. राजेंद्र सिदार पिता\पति वासुदेव सिदार पता- अयोध्या नगर महासमुंद, 393. बेला शर्मा पिता\पति विजय कुमार शर्मा पता- AH\34 कलेक्टर कॉलोनी कवर्धा, 394. कुंदन वर्मा पिता\पति भेलेंद्र कुमार वर्मा पता- अर्जुनी, 395.मिथलेश ठाकुर पिता\पति लक्ष्मा ठाकुर पता- डी.एन. के. कोंडागांव, 396. हर्षित टंडन पिता\पति द्वारिका प्रसाद पता- क्वा.2/C 15 जोन- 1 खुर्सीपार, 397. निर्मल सिंह पिता\पति स्व.तेजा सिंह पता- Q.N.-90/Jकैंप -01 भिलाई, 398. केशव दास साहू पिता\पति दानी राम साहू पता-वार्ड न.-27 सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई, 399. खिलेश देवांगन पिता\पति चैत लाल देवांगन पता- क्वा. न. 5\H जोन-01 खुर्सीपार भिलाई, 400. अन्नपूर्णा साहू पिता\पति तुला राम साहू पता-रामनगर भिलाई, 401. चैतन्य साहू पिता\पति तेजप्रकाश साहू पता-अंजोरा दुर्ग, 402. रेखचंद ठाकुर पिता\पति रोमन ठाकुर पता- गनियारी दुर्ग, 403. सतीश देवांगन पिता\पति स्व.जीवन लाल देवांगन पता- कोष्टा पारा देवांगन, 404. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 405. समय लाल साहू पिता\पति नजऊ राम साहू पता-पुरनी बस्ती पोटियाकला दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण-** 406. नारायण कुमार सोनी पिता/पति -महेंद्र कुमार सोनी पता– बड़ौदा, 407. दिनेश देवांगन पिता/पति लखन लाल देवांगन पता- मेन रोड गांधी चौक सिवनी चांपा, 408. अननिया शराफ़ पिता/पति यशवंत शराफ़ पता– बलौदा, 409. महेंद्र कुमार सोनी पिता/पति शिव कुमार सोनी पता- बलौदा सोनरपारा, 410. अखिलेश्वर प्रसाद पिता/पति स्व. रेशम लाल पता- पौना जांजगीर, 411. अरुण कुमार यादव पिता/पति प्रकाश चंद यादव पता- खोखासा वार्ड- 4 जांजगीर, 412. रामेश्वर कुमार सूर्यवंशी पिता/पति पीसोद जांजगीर, 413. विकेश यादव पिता/पति रघुलाल यादव पता- पुरानी बस्ती नैला वार्ड-4, 414. पीयूस यादव पिता/पति तिवारी पारा खरौद नगर जांजगीर रायगढ़ जिला 415. रूप दर्शन पिता/पति अजय कुमार दर्शन पता- केलो विहार कालोनी, 416. ललित गुप्ता पिता/पति श्याम चंद्र गुप्ता पता- कंसबेल 417. लालिमा चौहान पिता/पति जीवरधन चौहान पता- बेलाडुल खररघाट, 418. जीवर्धन प्रसाद चौहान पिता/पति स्व. सुकमुना चौहान पता- बेलाडुल रायगढ़ 419. श्याम सिंह ठाकुर पिता/पति स्व. अमरनाथ सिंह ठाकुर पता- दारोगपारा रायगढ़ मुंगेली जिला, 420. प्रिया तंबोली पिता/पति मनीष तंबोली पता- शिक्षक नगर आंबेडकर वार्ड मुंगेली 421. शृंखला शर्मा पिता/पति चंद्रशेखर शर्मा पता- मुंगेली, 422. डॉली श्रीवास पिता/पति कमलेश श्रीवास पता- अग्रसेन वार्ड, 423. संतोष कुमार पाठक पिता/पति स्व. सलिक राम पाठक पता- मुंगेली, 424. अक्षय कुमार देवांगन पिता/पति राजेश देवांगन पता- पड़ाव पारा मुंगेली, 425. रितिका देवांगन पिता/पति बसंत देवांगन पता- आंबेड़कर वार्ड मुंगेली, 426. धीरज बांध पिता/पति संदीप बांध पता- मिशन कम्पाउन्ड मुंगेली, 427. दिवांश पटेल पिता /पति वार्ड-1 सूरदा देवरी, 428. आंचल पटेल पिता/पति वार्ड-1 सड़क पारा सूरदा देवरी मुंगेली, **भोपाल संस्करण -** 429. अंशुल सेन पिता\पति विनोद सेन पता- ई-6 जनता कॉलोनी अरेरा कॉलोनी, 430. पूजा सेन पिता\पति विनोद सेनशाहपुरा, 431. रोशन रैकवार पिता\पति विमल रैकवार पता- 21 श्याम नगरभोपाल, 432 .दिनेश कुमार पटेल पिता\पति रामसलोने पता-पटेलशॉप 18 मेट्रो वॉक विटटन मार्केट, 433. रवि कुमार पाण्डेय पिता\पति किशन पाण्डेय पता-विश्वकर्मा नगर, 434. नीरज चौबे पता- विदिशा पेढ़ी स्कूल के पास, 435. रानी कुशवाह पिता\पति सुनील कुशवाह पता- विदिशा, 436. आदित्य सक्सेना पिता\पति मनोज सक्सेना पता- मकान नं.115 फेस-3 अरिंहंत विहार विदिशा, **जबलपुर संस्करण** 437. नरेंद्र कुमार जैन पिता\पति स्वर्गी कोमल चंद्र जैन गोल बाजार जबलपुर, 438. प्रेमा नारायण पिता\पति बसु देव संजय गांधी नगर कटंगा जबलपुर, 439. अंश सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- 970 मंजू पर्थ दीक्षित पूरा उपरैनगंज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड जबलपुर, 440. प्रिथम नायक पिता\पति प्रदीप नायक पता- नेहरू वार्ड क्रमांक 8 पाटन, 441. सुजीत कुमार द्विवेदी पिता\पति श्री रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 अनूपपुर, 442. जितेंद्र गौतम पिता\पति स्वर्गीय बाला प्रसाद गौतम अनूपपुर कोतमा, 443. आरती गुप्ता पिता\पति अभिनेश गुप्ता वार्ड नंबर 6 पुरानी बस्ती कोतमा, 444. अर्चित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे कोतमा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



## खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने किया क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन

**रायपुर।** नवाचार केवल प्रयोगशालाओं और कक्षाओं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे समाज से जोड़ना होगा। राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) के क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए उक्त बातें कहीं। इनोवेशन सेल, ऑल इंडिया तकनीकी शिक्षा परिषद शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आज शंकराचार्य व्यावसायिक प्रबंधन एवं प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में यह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल डेका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### नए साल में रायपुर में होगा साहित्य उत्सव जुटेंगे देशभर के 100 से अधिक साहित्यकार



**रायपुर।** नए वर्ष की शुरुआत के साथ छत्तीसगढ़ एक बार फिर साहित्यिक ऊर्जा से सराबोर होने को तैयार है। आगामी महीने रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन नवा रायपुर में 23 से 25 जनवरी तक होगा, जिसमें देशभर से 100 से अधिक प्रतिष्ठित साहित्यकार शामिल होंगे। राज्य स्थापना के रजत वर्ष पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इस आयोजन की परिकल्पना की गई थी। उनकी यह परिकल्पना अब साकार रूप लेने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में रायपुर साहित्य उत्सव के लोगो का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शंशाक शर्मा, जनसंपर्क विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, वरिष्ठ साहित्यकार सुशील त्रिवेदी, डॉ. चितरंजन कर, गिरीश पंकज, डॉ. संजीव बक्शी, प्रदीप श्रीवास्तव और शकुंतला तरार उपस्थित थीं।

### प्रापर्टी रीएसेसमेंट के लिए नए साल में होगा लीडार सर्वे, जल्द तय होगी एजेंसी

**रायपुर।** रायपुर शहर के 70 वार्डों में मकानों, दुकानों, खाली प्लॉट सहित अन्य प्रापर्टी का रीएसेसमेंट सर्वे होगा। इसमें हर वार्ड की थ्रीडी मैपिंग की जाएगी। इसके ही आधुनिक व बहुआयामी तकनीक की सहायता से लीडार सर्वे कर डॉटा जुटाया जाएगा। 7 साल बाद यह दूसरा मौका है, जब नगर निगम शहरभर की प्रापर्टी को खंगाल कर उसे कर के दायरे में लाने की तैयारी में है, क्योंकि जीआईएस सर्वे के बाद शहरभर में हुए नए निर्माण और पुराने मकान में अतिरिक्त निर्माण के साथ ही कई लोगों ने खुले भूखंड का क्रय किया है। इसका सटीक ब्योरा नगर निगम के पास नहीं है। लीडार सर्वे में छूटी हुई प्रापर्टी और नई प्रापर्टी की वर्तमान स्थिति की सटीक जानकारी जुटाकर उसे कर के दायरे में लाने की योजना है।

70 वार्डों में स्थित आवासीय, व्यावसायिक परिसर, खुले भूखंड की वर्तमान स्थिति का अत्याधुनिक तकनीक से सर्वे कर निर्माण की जानकारी जुटाने पहली बार नगर निगम लीडार सर्वे कराएगा। इसमें 7.60 करोड़ रुपए का खर्च अनुमानित है।

**चर्चा : उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी को लेकर किसानों से चर्चा कर ली जानकारी**

# प्रभारी सचिव ने खरोरा, झालखम्हरिया, शेर में विकास कार्यों व खरीदी व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पीएम जनमन अंतर्गत कमार बस्ती में पहुंची प्रभारी सचिव, आजीविका गतिविधियों का किया अवलोकन




जिले की प्रभारी व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सचिव निहारिका बारिक बुधवार को जिले के दौरे रहीं। उन्होंने ग्राम खरोरा, झालखम्हरिया और शेर में विकास कार्यों, आजीविका गतिविधियों एवं धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया।

ग्राम खरोरा पहुंचकर प्रभारी सचिव बारिक ने पंचायत क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायत परिसर में प्रस्तावित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को आय जनित, आधुनिक डिजाइन युक्त तथा सुविधाओं से परिपूर्ण बनाया जाए। निर्माण गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए उन्होंने कहा कि सभी कार्य समयबद्ध और मानक के अनुरूप हों। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सार्वजनिक शौचालय का अवलोकन किया तथा ग्राम पंचायत विकास योजना को सुव्यवस्थित रूप से तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि 13 व्यावसायिक परिसर को आधुनिक व आकर्षक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय रोजगार एवं पंचायत की आय में वृद्धि होगी। निरीक्षण के दौरान सचिव बारिक ने ग्राम झालखम्हरिया में स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होनें यहां विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवार से मिलकर चर्चा की और उनकी घरों में जाकर आजीविका गतिविधियों से संबंधित जानकारी ली। फुलेश्वरी एवं मनीषा कमार ने बताया कि वे बांस से टोकरी, सुपा बनाने के साथ बांस शिल्प का कार्य करते है। प्रभारी सचिव ने परिवार की आजीविका कार्य में प्रगति के लिए समूहों को बांस उपलब्ध कराने एवं बांस रोपण कर नर्सरी तैयार करने के निर्देश दिए। कमार समुदाय ने बताया कि उनके लिए यहां घर बनाएं जा रहे हैं। साथ ही उनकी बस्ती तक सड़क बनाया गया है, जिससे वे सुगमता से आना-जाना करते हैं। मौके पर मौजूद स्व सहायता समूह की सदस्य ज्ञानेश्वरी साहू ने बताया कि वे सेंट्रिंग प्लेट कार्य, कपड़ा सिलाई और सब्जी बाड़ी का कार्य करते हैं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति झालखम्हरिया एवं ग्राम शेर धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ बिहान/एनआरएलएम के संचालक अश्वनी देवांगन, अपर आयुक्त विकास एस आलोक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिपं सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम अक्षा गुप्ता, खाद्य अधिकारी अजय यादव, डीएमओ आशुतोष कोसरिया मौजूद रहे।



### परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक, निराकरण की आवश्यकता पर दिया बल

**सरायपाली।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल के मार्गदर्शन में सभी संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विकासखंड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। बैठक में सेवा पुस्तिका का संधारण, पेंशन प्रकरणों का त्वरित निराकरण, आपसी स्थानांतरण, जीपीएफ पासबुक निर्धारण, संगठन द्वारा प्रेषित पत्रों का समयबद्ध प्रत्युत्तर, वरिष्ठता सूची का सही अनुक्रम में प्रकाशन, सभी प्रकार के अवकाशों में समरूपता, कोष एवं लेखा शाखा में सेवा पुस्तिका संधारण, परीक्षा अनुमति आदेशों की सूची, संतान पालन अवकाश, लंबित दिव्यांग भत्तों का निराकरण आदि प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सभी बिंदुओं पर त्वरित एवं तथ्यात्मक निराकरण की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान, बीआरसीसी देवानंद नायक, छग सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री राजाराम पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश चौहान, पूर्व अध्यक्ष मनोज रॉय, अंगद बारीक, उपेंद्र साहू, रोशन भोई, कमलेश निराला, छग टीचर्स एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष ललित साहू, कैलाशचंद्र पटेल, धर्मेंद्र राणा, किशोर पटेल, जिला शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष किशोर कुमार रथ, अनिल पटेल, हेमंत चौधरी, लिंगराज, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष भोजराज पटेल, भोलानाथ नायक, तुलाराम पटेल, धरणीधर साहू, नेहरूलाल नायक, छ.ग. प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष लव कुमार पटेल, लोकेश पात्रो, खिरोद जेरी, छग दिव्यांग संघ ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, जितेंद्र साहू तथा शिक्षा शाखा प्रभारी स्वाधीन शर्मा एवं रूपेश महापात्र उपस्थित थे।

## करिया ध्रुवा मेला में शामिल हुए विधायक पुरंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)



समीपस्थ ग्राम अर्जुनी में करिया ध्रुवा का तीन दिवसीय पारंपरिक मेला बुधवार से धूमधाम के साथ प्रारंभ हो गया है। मेला शुरू होते ही क्षेत्र के ग्रामीणों, श्रद्धालुओं व आगंतुकों में उत्साह देखने को मिला। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह मेला धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक बना हुआ है।

पहले दिन मेला स्थल पर करिया ध्रुवा महोत्सव मेला समिति के मुख्य आजीवन संरक्षक एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने भगवान करिया ध्रुवा की विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। मेला समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दो दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान और विभिन्न पारंपरिक गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मेले में पहुंच रहे हैं और उत्सव का आनंद ले रहे हैं। इस अवसर पर अनंत सिंह वर्मा, अधिवक्ता टिकेंद्र प्रधान, सादराम पटेल, प्रदीप पटेल, मुकेश पटेल, प्रियांशु दीक्षित, पूरन बरिहा, गणेश ध्रुव व विष्णु डड़सेना सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



नगर के गायत्री शक्तिपीठ के पास नई मंडी के सामने विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मोंगरा किशन पटेल (अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद), लक्ष्मी पटेल (अध्यक्ष जनपद पंचायत), नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे। भूमिपूजन अनुष्ठान आचार्यों हेमेंद्र नायक, गोरा प्रसाद साहू (गोड़ा), केदार डडसेना द्वारा वैदिक रीति-विधानों के अनुसार सम्पन्न कराया गया। यज्ञ संचालन सरिया टीम अरविन्द प्रधान की टोली द्वारा कराया गया। प्रस्तावना का वचन वरिष्ठ परिजन कन्हैयालाल पटेल ने किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के वक्ताओं ने कहा कि यह परियोजना लोकमंगल की भावना से प्रेरित है। हमारा उद्देश्य समाज में संस्कार, सेवा और सद्भाव की स्थापना करना है। भूमि पूजन इसके शुभारंभ की पवित्र प्रक्रिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चातुरी नंद ने कहा कि गायत्री परिवार का समाज सुधार, नशा मुक्ति, वृक्षारोपण, संस्कार विकास तथा जागरुकता अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने इस नई पहल को क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार ट्रस्ट सरायपाली के संरक्षक डॉ. आरके वाजपेयी, वरिष्ठ परिजन राजकुमारी साहू, जितेंद्र खोडियार, जीएल साहू, सालिक राम चौधरी, गायत्री परिजन सरिया, बरमकेला, सारंगढ़, पिथौरा, बसना, महासमुंद, पदमपुर (ओडिशा), कोदोपाली (ओडिशा), भैंसादरहा, चंद्रपुर उपस्थित थे।



## भारतीय संविधान दिवस समारोह में लक्ष्मीधर और विकास हुए सम्मानित

**सरायपाली।** समता साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ राज्य एवं सरल सरिता भजनामृत भजन समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस एवं छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती वर्ष के अवसर पर वृंदावन हाल सिविल लाईन रायपुर में भव्य प्रादेशिक सम्मेलन, काव्य गोष्ठी एवं विशिष्ट सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक साहित्यकारों, शिक्षकों, समाजसेवियों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शिक्षक लक्ष्मीधर प्रधान शासकीय उच्च प्राथमिक शाला पथरला विकासखंड पिथौरा एवं विकास कुमार व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तोरेसिंहा विकासखंड सरायपाली को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए राज्य अलंकरण अवार्ड 2025 मौलाना आजाद शिक्षा गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं विद्वानजनों ने की तथा पूरे प्रदेश से आए व्यक्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। सभी वक्ताओं ने संविधान की मर्यादा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता पर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। सम्मान प्राप्त करने पर लक्ष्मीधर प्रधान और विकास कुमार ने आयोजको के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र एवं समाज हित में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा।

## स्वदेशी बेचो, स्वदेशी खरीदो का संकल्प स्वदेशी संकल्प यात्रा 9 को पहुंचेगी रायपुर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने और इसकी खूबियों को आम जनता तक पहुंचाने देशभर में स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। 9 दिसंबर को यह यात्रा रायपुर पहुंचेगी।

कैट एवं एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में संचालित इस यात्रा यात्रा के स्वागत एवं कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में मंगलवार पंडरी स्थित कैट प्रदेश कार्यालय में कैट, स्वदेशी जागरण मंच एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक जगदीश पटेल ने बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा का उद्देश्य यह है कि स्वदेशी विचार को जमीनी स्तर तक ले जाया जाए और हर नागरिक को "स्वदेशी बेचो - स्वदेशी खरीदो" का संकल्प दिलाया जाए। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं। यह आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ाता है, आयात पर निर्भरता कम करता है।

## 15 लाख 65 हजार टन की खरीदी, सहकारी समितियों में आवक बढ़ने से डंप हो रहा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के 15 दिन बीतने के बाद अब तक 15.65 लाख टन की खरीदी हो चुकी है। सोसाइटियों में धान का स्टॉक लगातार बढ़ता जा रहा है। बेमेतरा और बलौदाबाजार जिलों में सबसे अधिक धान की खरीदी होने से यहां पर सोसाइटियों में बफर स्टॉक की स्थिति बनने लगी है। परिवहन किए जाने को लेकर मार्कफेड की ओर अब तक कोई दिशा निर्देश जारी नहीं होने के कारण जिलों से डीओ नहीं काटा जा रहा है।

ऐसे में धान के उठाव में देर होने से सोसाइटियों को सूखत की मार झेलनी पड़ सकती है। 15 नवंबर से राज्य के सभी जिलों में एक साथ धान खरीदी शुरू होने के बाद अब किसानों के द्वारा प्रतिदिन भारी मात्रा में धान लाया जा रहा है। 2 दिसंबर को 1.89 लाख टन धान की खरीदी की गई। खरीदी के बाद धान की सुरक्षा को लेकर सोसाइटियों की चिंता बढ़ गई है। आने वाले दिनों में धान की मात्रा और तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में सोसाइटी में धान का स्टॉक जाम होने से खरीदी पर प्रभाव पड़ेगा।



### खाद्य सचिव ने किया लखौली, पलौद और मंदिर हसौद धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने रायपुर जिले के लखौली, मंदिरहसौद, पलौद और कांकेर जिले में धान खरीदी केन्द्रों का दौरा किया। उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनसे व्यवस्थाओं एवं उपार्जन प्रक्रिया से जुड़े फीडबैक प्राप्त किए। उन्होंने कहा, किसानों की सुविधा और पारदर्शिता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान से ही धान खरीदी की जाए और कोचियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। साथ ही गेट पास एप्प में समयबद्ध एंट्री हर हाल में सुनिश्चित की जाए। यह ध्यान रखें कि छोटे एवं सीमांत किसानों के टोकन कटने में कोई बाधा न हो। उन्होंने तौल प्रक्रिया, बारदाना उपलब्धता, नमी मापक यंत्र, स्टैकिंग व्यवस्था सहित सभी आवश्यक प्रबंधों की बारीकी से जांच की। जितनी धान खरीदी की जाए उसका भौतिक सत्यापन भी किया जाए। साथ ही यह ध्यान रखें की किसानों को धान देने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

**डेढ़ एकड़ में बनेगी आधुनिक परीक्षण शाला, 46.49 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति**

# इंटीग्रेटेड फूड एंड ड्रग लैब से सौ गुना बढ़ जाएगी जांच की ताकत, मेडिकल डिवाइसेस की टेस्टिंग भी यहीं संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नवा रायपुर में होगी तीन मंजिला इमारत, बजट में हुई थी सुसज्जित लैब की घोषणा

नवा रायपुर में डेढ़ एकड़ जमीन में तैयार होने वाले आधुनिक इंटीग्रेटेड फूड एंड ड्रग लैब के जरिए जांच की क्षमता सौ गुना तक बढ़ जाएगी। अभी सालभर में होने वाले रासायनिक परीक्षणों की संख्या 8 हजार हो जाएगी।

इसके लिए उपयोग किए जाने वाले दास्ताने और सर्जरी ग्लब्स सहित मेडिकल डिवाइसेस की टेस्टिंग के लिए दूसरे राज्यों का मुंह नहीं देखना होगा। इस लैब के निर्माण के लिए 46.49 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। राज्य बजट में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच का दायरा बढ़ाने के लिए इंटीग्रेटेड लैब की घोषणा की गई थी। नवा रायपुर में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड खाद्य एवं औषधि परीक्षण प्रयोगशाला सह एफडीए भवन के निर्माण के लिए 1.5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। यहां निर्माण पूर्ण होने के बाद आधुनिक उपकरणों की मदद से जांच प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तीन मंजिला इस भवन में इंजेक्शन, आई ड्राप जैसे माइक्रोबायोलॉजिकल वस्तुओं के 2000 नमूने प्रतिवर्ष टेस्ट किए जा सकेंगे। अभी चिकित्सकीय उपकरण और सर्जिकल आयटम की जांच के लिए राज्य के दूसरे लैब पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके लिए विभाग को शुल्क भी देना पड़ता है। इस तरह की जांच के साथ फार्मास्यूटिकल्स के 50 के बजाए एक हजार नमूने यहां परखे जाएंगे।

### अभी जांच में लग जाते है महीनों



वर्तमान में राज्य की एकमात्र प्रयोगशाला कालीबाड़ी में स्थित है। यहां खाद्य सामग्रियों के साथ दवाओं से संबंधित सीमित जांच की जाती है। पुरानी मशीन और सीमित संसाधन होने की वजह से लिए जाने वाले सैंपलों की टेस्टिंग होने में कई महीने लग जाते हैं। इससे मामले की गंभीरता भी खत्म हो जाती है। अभी भी लैब में दवाओं से संबंधित की सैंपलों की जांच पेंडिंग है।

### मजबूत होगा खाद्य सुरक्षा का ढांचा : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रशासकीय स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि प्रयोगशाला राज्य में खाद्य सुरक्षा के ढांचे को और मजबूत करेगी। इससे जांच प्रक्रिया अधिक आसान, पारदर्शी और प्रभावी होगी। सरकार जनता को शुद्ध, प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पाद एवं दवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह आधुनिक प्रयोगशाला राज्य के लिए एक आदर्श प्रयोगशाला के रूप में विकसित होगी और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



## जंगल सफारी से शिफ्ट किए गए पक्षियों का उपाध्याय ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नंदनवन स्थित पक्षी विहार में लगातार बढ़ रही अव्यवस्था और पक्षियों की मौत की खबरों के बाद पूर्व विधायक विकास उपाध्याय मंगलवार को मौके पर पहुंचे और पूरी स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि 38 पक्षियों को बिना किसी वैज्ञानिक प्रोटोकॉल और बिना विभागीय अनुमति के रातों-रात जंगल सफारी में शिफ्ट कर दिया गया, जो वन्यजीव संरक्षण नियमों का गंभीर उल्लंघन है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद विकास उपाध्याय सीधे जंगल सफारी पहुंचे, जहां उन्होंने उन सभी पक्षियों की स्थिति का निरीक्षण किया, जिन्हें अवैध रूप से नंदनवन से हटाकर पहुंचाया गया। उन्होंने अधिकारियों से भी इस गैरकानूनी शिफ्टिंग के कारण और प्रक्रिया पर जवाब मांगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, नंदनवन छत्तीसगढ़ की पहचान है, इसे पक्षी विहार बनाकर इसकी मूल पहचान से खिलवाड़ किया गया। यहां के जानवरों को अंबानी के वान्तारा जू भेज दिया गया। बाकी जानवरों को जंगल सफारी शिफ्ट कर दिया गया, लेकिन अब जो पक्षी विहार बचा है, उसे भी भाजपा सरकार बर्बाद करने में लगी है। उन्होंने कहा कि नंदनवन में चूहों के हमले से पक्षियों की मौत और अब बिना प्रोटोकॉल शिफ्टिंग ये सब भाजपा सरकार की घोर लापरवाही, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का परिणाम है।

# जयंती पर राजेंद्र प्रसाद को कांग्रेसियों ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में स्थानीय कांग्रेस भवन में भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राजेंद्र प्रसाद की तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित वक्ताओं ने उनके जीवन संघर्ष, सादगी, आदर्श नेतृत्व और संविधान निर्माण में दिए गए अप्रतिम योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि डॉ. प्रसाद का व्यक्तित्व भारतीय लोकतंत्र की नींव है। उनके विचार आज भी देश के लिए पथप्रदर्शक हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने न्याय, समानता और लोककल्याण की जो भावना संविधान में संजोई, उसे आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। उनके आदर्शों का अनुसरण ही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, प्रमोद चंद्राकर जिला वनोपज अध्यक्ष, कृष्ण कुमार चंद्राकर पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका, राजेश जैन प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, अमन चंद्राकर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, निर्तेंद्र बैनर्जी सेवादल जिलाध्यक्ष, डॉ. तरुण साहू, छन्नू साहू किसान नेता, पूर्व पार्षद तुलसी साहू, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, ब्रिजेन बंजारे पूर्व सरपंच, तबरेज खान, सतीश कन्नौजे, टोमन सिंह कागजी, मनोहर ठाकुर, डॉ सैयद एजाज नकवी, लोकेश मांझी, गोपीचंद तारक, आशीष साहू, भानु सोनी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित सभी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## खबर संक्षेप



### परसकोल में बुजुर्गों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम परसकोल में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के तत्वाधान में बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना संस्थापक अशवंत तुषार साहू ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। देश में सर्वाधिक युवा है, बुजुर्ग उन्हें मार्गदर्शन देते रहें तो भारत को अग्रणी देश बनाया जा सकता है। तुषार ने कहा कि संयुक्त परिवार में बुजुर्गों की सदा आवश्यकता महसूस की जाती है। वरिष्ठजनों की जिम्मेदारी है कि वे अपने अनुभव का लाभ आने वाली पीढ़ी को आशीर्वाद के तौर पर दें। युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठजनों के अनुभव से ही समाज और देश समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि वृद्धजन वटवृक्ष के समान हैं। इनकी छाया में रहने वाले लोग धूप, आंधी एवं अन्य विपत्तियों से बचे रहते हैं। वृद्धजनों के अनुभवों का लाभ समाज को उठाना चाहिए। सामाजिक सरोकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 15 वरिष्ठजनों को भगवा गमछा व श्रीफल व चंदन गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया।



### शैक्षणिक भ्रमण में किया मां चंद्रहासिनी का दर्शन

**महासमुंद।** श्याम बालाजी महाविद्यालय के बीएड, पीजीडीसीए, डीसीए, बीए, बीएससी बायों, डी.फार्मेसी के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर यहां से 200 किलोमीटर दूर सत्यनारायण बाबा कोसमनारा रायगढ़ एवं मां चन्द्रहासनी मंदिर चंदरगढ़ रायगढ़ पहुंचे। जहां सभी छात्रों को उस जगह एवं उससे जुड़ी महत्पूर्ण जानकारी प्राचार्य डा. अंकिता चन्द्राकर ने दी। इस अवसर पर सभी छात्रों एवं प्रध्यापकगणों ने भ्रमण का आनंद उठाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चन्द्राकर, सचिव तारा चन्द्राकर, विभागाध्यक्ष डा. संजय कुमार साहू एवं प्राध्यापकगण में निर्मल कुमार बंजारे, टोपराम कुर्रे, शीतल साहू उपस्थित रहे।

### राजभवन अब कहलाएगा लोकभवन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजभवन अब लोकभवन के नाम से जाना जाएगा। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने राजभवन का नाम परिवर्तित कर लोकभवन करने का आदेश आज जारी कर दिया है। राज्यपाल के सचिव ने बताया कि राज्यपालों के सम्मेलन-2024 में राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन करने का सुझाव दिया गया था।

# संकुल स्तरीय बैठक में नवपदस्थ प्राचार्य का किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

संकुल केंद्र गड़बेड़ा में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला के प्रधान पाठकों की बैठक आहूत की गई। बैठक में हायर सेकेंडरी स्कूल गड़बेड़ा में नवपदस्थ प्राचार्य कौशल किशोर साहू का स्वागत-अभिनंदन किया गया।

स्वागत-अभिनंदन कार्यक्रम के उपरांत संकुल समन्वयक लोकनाथ सिन्हा ने प्राचार्य की सेवा अवधि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राचार्य के लंबे अनुभव एवं नेतृत्व से विद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहेगा। प्राचार्य कौशल किशोर साहू ने प्रधान पाठकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब संयुक्त प्रयास से संकुल में शिक्षा का बेहतर वातावरण निर्मित करेंगे। उन्होंने सभी प्रधान पाठकों को अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संस्था में टीम भावना से कार्य करने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, ऑनलाइन शिक्षक उपस्थिति, समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण आदि एजेंडे पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में दयाराम पटेल, सरस्वती पटेल, हेमंत खुटे, हितेश पटेल, बेदराम सिन्हा, लक्ष्मी पटेल, नरेंद्र दीवान, पवन कुमार पटेल, नरेश बरिहा एवं केके ठाकुर उपस्थित थे। बैठक पश्चात प्राचार्य को संकुल केंद्र की ओर से उपहार भेंट की गई।

## अगहन माह का आखिरी गुरुवार आज, घरों में होगी लक्ष्मी की विशेष पूजा



**बिरकोनी।** अगहन माह के अंतिम गुरुवार को महिलाओं द्वारा मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना कर व्रत का समापन किया जाएगा। अगहन मास में गुरुवार का विशेष महत्व होता हैं। गुरुवार को बड़ा ही पवित्र माना गया है। महिलाओं ने घर-द्वार सजाने के साथ ही पूजा की तैयारी बुधवार से ही शुरू कर ली हैं। महिलाओं ने घर के द्वार से लेकर पूजा स्थल तक चावल आटे के घोल से मां लक्ष्मी के पद चिन्ह बनाया। मां को प्रसन्न करने की इच्छा से घर के द्वार पर दीपों से रोशनी की जाएगी। घर के मुख्य द्वार से लेकर आंगन और पूजा स्थल तक चावल के आटे के घोल से आकर्षक बनाया हैं। आचार्य लक्ष्मी नारायण वैष्णव ने बताया कि अगहन गुरुवार को मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक का विचरण करने आती हैं। इस अवसर पर जो श्रद्घालु घर-द्वार की विशेष साज-सज्जा के साथ मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करते है उसे सुख-समृद्घि की प्राप्ति होती है और महालक्ष्मी सदा उस घर में निवासरत हो जाती हैं। ताकि, अगहन मास में मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त हो, सुख-समृद्घि हमेशा बनी रहे। घरों में चावल के पकवानों का भोग लगाकर परिवार के सदस्य इसका आनन्द लेते हैं।

# दत्तात्रेय पर जयंती आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

**महासमुंद।** गोस्वामी समाज का प्रदेश स्तरीय दत्तात्रेय जयंती समारोह राजिम स्थित भगवान दत्तात्रेय मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। समाज के जिला प्रचार सचिव मनोज गिरि ने बताया कि प्रातः 8 बजे भगवान दत्तात्रेय का मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना के पश्चात 10.30 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष व पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, विशेष अतिथि महेश यादव नगर पंचायत अध्यक्ष, इन्द्रजीत महाड़िक जिला पंचायत सदस्य, पूर्णिमा चन्द्राकर उपाध्यक्ष नगर पंचायत, हरीश साहू अध्यक्ष सरपंच संघ, लालाराम साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन माता, चन्द्रशेखर साहू महामंत्री और नूतन लाल साहू अंतर्राष्ट्रीय कवि होंगे। साथ ही समाज के महंतगण, संस्थापकद्धय रमन गिरि, ओंकार पुरी, संरक्षकद्धय उमेश भारती गोस्वामी एवं अशोक गिरि विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रांताध्यक्ष काशीपुरी कुंदन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता की आसंदी से रजनीश दिव्य ध्यान योग संस्थान नया रायपुर के संस्थापक स्वामी आनंद रूपम समाज को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रेरणास्त्रोत बुजुर्गों का सम्मान, सनातन संस्कृति पर आधारित सामान्य ज्ञान क्विज सहित विविध कार्यक्रम होगा। प्रांताध्यक्ष काशी पुरी, महासचिव उमेश गिरि, कोषाध्यक्ष प्रशांत गिरि, गरियाबंद जिला प्रभारी एवं प्रांतीय संगठन सचिव पोखराज बन, कार्यक्रम के संयोजक रामकुमार पुरी, जिला इकाई गरियाबंद आयोजन समिति के सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं। महासमुंद जिला अध्यक्ष तोषण गिरि, सचिव ओम प्रकाश पुरी, कोषाध्यक्ष डिगंबर राजू गिरि ने बताया कि तत्संबंध में जिला इकाई के द्वारा बैठक आहूत की गई। दत्तात्रेय जयंती समारोह में जिले से बड़ी संख्या में सामाजिकजनों की सहभागिता होगी।

## देशव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 7 को

**महासमुंद।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 7 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक नव शिक्षार्थियों के आंकलन के लिए देशव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण हेमंत रमेश नंदनवार के समन्वय से किया जा रहा है। इस शिक्षार्थी आंकलन परीक्षा में 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के नवसाक्षरों को शामिल किए जाएंगें। जिले में शिक्षार्थियों के आंकलन हेतु 492 परीक्षा केन्द्रों जिले के नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र के लिए बनाया गया है। उक्त केन्द्र के लिए 492 केन्द्राध्यक्ष सह पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। जिले से 9939 शिक्षार्थियों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होने का लक्ष्य रखा गया हैं। शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार निर्धारित समय के भीतर आंकलन परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। शिक्षार्थी को प्रश्न.पत्र हल करने के लिए तीन घण्टे का समय निर्धारित है। प्रश्न पत्र के तीन भाग पढ़ना, लिखना और गणित है। प्रत्येक भाग 50 अंकों का होगा और सभी प्रश्नों का उत्तर देना होगा। परीक्षा के संबंध में कलेक्टर ने सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखण्ड परियोजना अधिकारी, विकासखण्ड साक्षरता मिशन प्राधिकरण को शिक्षार्थी आंकलन में गुणवत्ता बनाए रखने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

# देश हित में एसआईआर जरूरी : अलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य द्रुत गति से चल रहा है। अब 11 दिसंबर तक यह कार्य होगा। खल्लारी विधानसभा के विभिन्न 54 बूथों लालपुर, तेंदुलोथा, भानपुर, नवागांव, घुंचापाली, कुसमी, पटेरपाली, कोमा, बोहरडीह, बीकेबाहरा, गांजर इत्यादि बूथों में दौरा करते हुए अलका चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा एवं स्वतंत्र निदेशक इस्पात मंत्रालय भारत सरकार ने कहा कि एसआईआर निष्पक्ष पारदर्शी चुनाव के लिए अतिआवश्यक है। देश हित में एसआईआर जरूरी है। उन्होंने बीएलओ एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि कोई भी पत्र मतदाता ना छूटे एवं कोई अयोग्य संदिग्ध मतदाता का नाम न जोड़े। अब मतदाता का नाम एक ही जगह होगा, दो या दो से अधिक जगह पर नाम नहीं हो सकता। भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक अपने बूथ में गंभीरता के साथ कार्य कर रहे हैं। मतदाता के गणना फॉर्म भरने में मदद कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर एसआईआर कार्यों में तन मन से लगे हुए हैं। भाजपा का कार्यकर्ता इस राष्ट्रीय कार्य में पूरे समर्पण के साथ खल्लारी विधानसभा में लगे हुए हैं। उन्होंने सबसे अनुरोध किया कि नियत तिथि तक शत प्रतिशत योग्य मतदाताओं के नाम ना छूटे। इस अवसर पर लोकेश पैनोरिया, रूपेश साहू, सविता दीवान, डाली ध्रुव आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव 9 से, होंगे विविध आयोजन

**महासमुंद।** राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा युवा उत्सव का आयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। प्रतिभागियों का पंजीयन माई भारत पोर्टल में किया जाना है। एक प्रतिभागी किसी भी स्तर के प्रतिस्पर्धा के लिए केवल 01 विद्या में भाग ले सकेगा। 01 प्रतिभागी एक से अधिक विधाओं में सम्मिलित नहीं हो सकते। आयोजन का स्तर जिला स्तर पर 24 नवम्बर से 05 दिसंबर 2025 के मध्य, राज्य स्तरीय युवा उत्सव 22 से 24 दिसम्बर संभावित है। जिसे प्रतिभागियों के लिए आयु वर्ग 15 से 29 वर्ष तक तथा संगतकारों का 18 से 40 वर्ष तक निर्धारित है। सम्मिलित विधाओं में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोक गीत में 10-10 प्रतिभागी शामिल होंगे। इसी तरह वाद-विवाद, नवाचार(साइंस मेला), पारंपरिक वेशभूषा में 02-02, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन में 01-01, एकांकी मे 12, रॉक बैंड में 10 विजेता प्रतिभागी राज्य स्तर पर शामिल होंगे। जिले के प्रतिभागी/कलाकार जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष हो वह जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल हो सकेंगे। समस्त प्रतिभागियों को माई भारत पोर्टल में पंजीयन किया जाना आवश्यक है। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुन्द द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव 9 से 10 दिसम्बर 2025 (संभावित) को महासमुंद में आयोजित होगा। आयोजन प्रभारी कलेक्टर एवं नोड़ल अधिकारी खेल अधिकारी होंगे।

# खैरटखुर्द में विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, युवाओं में छलका उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत खैरटखुर्द में किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरुष वर्ग में कबड्डी, दौड़ एवं गोला फेंक तथा महिला वर्ग में रस्साकसी, दौड़ एवं गोला फेंक जैसी विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। विकासखंड के विभिन्न ग्रामों व यूथ क्लबों से आए युवाओं ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया।

मुख्य अतिथि अलका चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा रहीं। विशिष्ट अतिथि लोकनाथ बारिक सभापति जिला पंचायत एवं सावित्री चौधरी सरपंच सरायपाली उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाकेश्वरी चक्रधारी सरपंच ग्राम पंचायत खैरटखुर्द ने की। इस अवसर पर प्रीति साहू सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल-कूद युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम भावना को मजबूत करता है। अशोक चक्रधारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ना, उनकी प्रतिभा को निखारना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग कबड्डी प्रथम बसुलाडरी, द्वितीय बावनसरा, तृतीय टेमरी, 200 मीटर दौड़ में प्रथम भेखराम, द्वितीय डिगेंद्र, तृतीय भूपेंद्र, गोला फेंक प्रथम थानसिंग, द्वितीय चमन बंजारे, तृतीय गुलशन साहू, महिला वर्ग रस्साकाशी प्रथम सजदा समूह कोमाखान, द्वितीय दिव्या सेन समूह, तृतीय लेखन खैरटखुर्द, 100 मीटर दौड़ में प्रथम वेदिका, द्वितीय लक्ष्मी ठाकुर, तृतीया देव कुमारी, गोला फेंक में प्रथम लक्ष्मी ठाकुर, द्वितीय होमेश्वरी चक्रधारी, तृतीय लक्ष्मी साहू रहे।



### विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यूथ क्लबों की टीमों को खेल सामग्री दिया गया। प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में तेजबहादुर चक्रधारी एवं बसंत कुमार उपस्थित रहे। स्वच्छता विभाग से अंकिता साहू एवं हरिशंकर दीवान की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में टिकेलाल चक्रधारी, मुकेश साहू, पंच केवल चक्रधारी, श्यामलाल, ईश्वर ठाकुर, मुकेश, गोकुल, तोपराम यादव, लीलेश्वर आदि का योगदान रहा। अंत में टिकेलाल चक्रधारी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## एड्स पखवाड़ा अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में रेड रिबन, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में तथा रेड रिबन क्लब प्रभारी लता भोई के मार्गदर्शन में एड्स जागरुकता पखवाड़ा के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एड्स के रोकथाम, एड्स जागरुकता व एड्स के फैलाव के कारणों को उजागर करते हुए अपने रंगोली का प्रदर्शन किया। निर्णायक के रूप में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा, तरुण कुमार ध्रुव, मनहरण ठाकुर व अतिथि व्याख्याता राखी यदु शामिल रहे। निर्णायकों द्वारा बीएससी तृतीय वर्ष के करण अंसारी, प्रांजल साहू, साहिल पटेल, शुभम यादव, प्रियंका साहू को समूह में प्रथम स्थान, वृंदा दूबे, आरती ध्रुव को द्वितीय स्थान, गीतांजलि कोसरिया, लक्ष्मी, भूमिका साहू, सानिया, चांदनी को तृतीय स्थान दिया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता व तीनों संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## तेंदूकोना में रजत जयंती समारोह व औषधि बोर्ड का हुआ वैद्य

# तेंदूपत्ता संग्रहण के नियम और लाभ की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला यूनियन महासमुंद अंतर्गत बागबाहरा वन परिक्षेत्र में ग्राम तेंदूकोना में 03 दिसंबर को रजत जयंती समारोह एवं औषधि बोर्ड का वैद्य सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बागबाहरा की 16 समितियों तथा महासमुंद की 10 समितियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उपप्रबंध संचालक एआर बंजारे ने उपस्थित ग्रामवासियों, संग्राहकों एवं स्व सहायता समूहों को संघ द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए वन उपज आधारित आजीविका की संभावनाओं पर जोर दिया। तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरण तथा 500-500 गड्डी तोड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। सहकारी सोसाइटी अधिनियम, राज्य लघु वनोपज संघ की स्थापना व उद्देश्य, तेंदूपत्ता संग्रहण के नियम, लाभ एवं वैज्ञानिक पद्धतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

जिला यूनियन अंतर्गत लघु वनोपजों के एमएसपी दर, वैज्ञानिक संग्रहण विधि और उससे होने वाले आर्थिक लाभों पर उपस्थित संग्राहकों को जानकारी दी गई। लाख पालन की वैज्ञानिक तकनीक, खंड प्रणाली और इससे होने वाले आय के अवसरों के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया। संघ द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ हर्बल्स के उत्पाद, हाट-बाज़ार में स्व सहायता समूहों द्वारा बिक्री तथा 5000 रुपए तक अग्रिम हर्बल उत्पाद उपलब्ध कराने की योजना से भी अवगत कराया गया। कृषि वानिकी के माध्यम से किसानों को अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध कराने, उच्च किस्म के पौधों के वितरण, सामाजिक सुरक्षा योजना सहित राजमोहिनी देवी तेंदूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई। संग्राहकों के बच्चों के लिए चलाई जा रही विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी बताया गया। साथ ही रजत जयंती आधारित पाम्पलेट का वितरण कर सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। वन औषधि बोर्ड की डॉ. मालती ने विभिन्न जड़ी-बूटियों एवं औषधियों की प्रदर्शनी लगाई। उन्होंने 30 से अधिक वैद्यों से पारंपरिक उपचार पद्धतियों पर चर्चा कर उपस्थित कृषकों, संग्राहकों और समूह सदस्यों को उनकी उपयोगिता बताई।



कनिष्ठ लेखापाल अशोक शुक्ला ने तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए उपलब्ध बीमा योजनाओं, प्रतिभाशाली एवं मेधावी छात्रवृत्ति, व्यावसायिक और गैर-व्यावसायिक छात्रवृत्ति योजनाओं तथा आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रकरणों में होने वाली सामान्य गलतियों और उनके समाधान पर भी प्रकाश डाला। सहायक प्रबंधक पूजा वर्मा ने कृषि वानिकी गतिविधियों से रोजगार के अवसरों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। सहायक प्रबंधक कौशल कुमार ने वनोपज संग्रहण की गुणवत्ता, विनाशविहीन विदोहन तथा संग्रहण केंद्र संचालन की वैज्ञानिक प्रक्रियाओं पर जानकारी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में एआर बंजारे (उपप्रबंध संचालक), डॉ. मालती (वन औषधि बोर्ड), राजीव गौतम (उप वन क्षेत्रपाल), अशोक शुक्ला (कनिष्ठ लेखापाल), रोहन देवांगन (प्रोग्रामिंग असिस्टेंट), कौशल कुमार (सहायक प्रबंधक उपार्जन), पूजा वर्मा (सहायक प्रबंधक उपार्जन), विभिन्न क्षेत्रों के 30 वैद्य, लगभग 200 संग्राहक सदस्य, मुंशी, कृषक तथा महिला स्व सहायता समूहों के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संबंधित सभी प्रबंधकों एवं पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

# स्वास्थ्य विभाग ने जारी की ठंड से बचाव के लिए दिशा-निर्देश

**महासमुंद।** देशभर के 17 राज्य के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी ठण्ड महसूस की जा रही है, शीतलहर का मौसम सर्दियों के दौरान नवम्बर से मार्च तक रहता है। जिसमें दिसम्बर एवं जनवरी में अधिक ठण्ड रहती है। वर्तमान में चल रहे मौसम को लेकर और आने वाले शीत लहर को देखते हुए विभागीय अफसरों ने बताया है कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा अलर्ट जारी किया गया है कि माह दिसंबर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता शीतलहर का रूप लेती है। इस वर्ष भी दिसम्बर माह से ठंड प्रारंभ हो जाएगी जिस संबंध में बचाव के लिए दिशा निर्देश स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि मौसम संबंधी समाचार व आपातकाल के संबंध में जारी समाचारों को ध्यान से सुने व पढ़े। शीत लहर के समय जितना संभव हो सके घर के अंदर ही रहे और कोशिश करे कि अति आवश्यक हो तो बाहर यात्रा करें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़े जैसे दस्ताने, टोपी, मफलर एवं जूते आदि पहने। शीत लहर के समय चुस्त कपड़े ना पहने यह रक्त संचार को कम करते हैं, इसीलिए हल्के ढीले-ढाले एवं सूती बाहर की तरफ एवं ऊनी कपड़े अंदर की तरफ पहने। नियमित रूप से गर्म पानी पीते रहे। पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों से युक्त भोजन ग्रहण करें एवं विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं एवं नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ अवश्य पीयें। साथ ही अत्यधिक ठंड के समय दीर्घकालिक बीमारियों जैसे डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, श्वास संबंधी बीमारियों वाले मरीज, वृद्ध पुरुष/महिलाएं जिनकी आयु 64 वर्ष से अधिक, 06 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं आदि को ऐसी स्थिति में देखभाल करें। अधिक ठंड पड़ने पर पर्याप्त वेंटिलेशन होने पर ही रूम हीटर का उपयोग सावधानी एवं सतर्कता के साथ करें एवं बंद कमरे गर्म करने के लिए कोयले का उपयोग ना करें। क्योंकि, यह कोयला जलने पर कार्बन मोनोऑक्साइड उत्पन्न होती है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है जिससे किसी की भी मृत्यु हो सकती है। शीत लहर में अधिक ठंड के लंबे समय तक सम्पर्क में रहने से त्वचा कठोर एवं सुन्न कर सकती हैं शरीर के अंगों जैसे हाथ पैर की उंगलियों, नाक एवं कान में लाल फफोले हो सकते है यह बहुत खतरनाक है। आपातकालीन समय के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थ, पानी, ईधन, बैटरी चार्जर इमरजेंसी लाईट एवं आवश्यक दवाईयां तैयार रखें।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाई गई डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पहले राष्ट्रपति और अद्वितीय प्रतिभा के धनी भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चन्द्राकर, पंच अंजू चन्द्राकर, भारती चन्द्राकर, दामिनी चन्द्राकर, रुपेश चन्द्राकर, भूषण चन्द्राकर ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने भारत देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपना विशिष्ट योगदान दिया है। राष्ट्रहित में समर्पित उनका जीवन देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

### संप्रेक्षण गृह में हुई तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला



**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बाल संप्रेक्षण गृह बरोंडा बाजार में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता एवं तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सभी बालकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने, नशा के शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। नशा से दूर रहने प्रेरित किया गया। टेली मानस सेवा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 14416 की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज सह जिला हॉस्पिटल से डीएमएचपी की टीम से रामगोपाल खूंटे, खोमन लाल सीनियर आदि मौजूद रहे।

### एमआईएस सहायक की नियुक्ति के लिए 22 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए पिथौरा और बागबाहरा अनुभाग स्तर पर एमआईएस सहायक की नियुक्ति किया जाना है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि यह पद अशासकीय एवं पूर्णतः अस्थाई होंगे तथा निर्धारित एवं नियत की गई अवधि के अंतर्गत सीमित होंगे यह पद पूर्णतः अस्थानांतरणीय होंगे।
इसके लिए अभ्यर्थी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम द्वितीय श्रेणी में स्नातक उत्तीर्ण हो, कम्प्यूटर का ज्ञान हो, जिसमें एम ऑफिस की जानकारी अनिवार्य है।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक कल

**महासमुंद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 5 दिसंबर को पेंशन भवन में आहूत की गई है। बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। नए सदस्यों का सम्मान होगा। वहीं प्रांतीय पेंशनर दिवस 17 दिसंबर को बालौदा बाजार में आयोजित है, के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी कार्यालय सहायक बीआर ध्रुव ने दी है।

### आफिस आटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा 4 को

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में अध्ययनरत पी.जी.डी.सी. ए. प्रथम सेमेस्टर की सभी छात्राओं को सूचित किया जाता है, कि उनकी आफिस आटोमेशन की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 4 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से निर्धारित की गई है।

---

**चर्चा :** जिले की प्रभारी सचिव ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक, पंचायतों में घर-घर कचरा संग्रहण पर दिया जोर

# मनरेगा के तहत अधिक से अधिक वाटर रिचार्ज के लिए पहल और आजीविका डबरी का निर्माण करें: निहारिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सचिव तथा जिले की प्रभारी सचिव निहारिका बारिक ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं, उनके क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उनके साथ बिहान/एनआरएलएम के संचालक अश्वनी देवांगन, अपर आयुक्त विकास एस आलोक पंचायत मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह व जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि साहू, एसडीएम अक्षा गुप्ता एव स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्यानिकी सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रभारी सचिव ने कहा कि मनरेगा के तहत अधिक से अधिक वाटर रिचार्ज के लए पहल करें। आजीविका डबरी का निर्माण करें एवं इससे बिहान के महिला समूह को जोड़े। अजीविका डबरी में मछली पालन, साग सब्जी उत्पादन कर स्थानीय महिला समूह की आजीविका को बढ़ाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि पंचायतों को पूर्ण ओडीएफ प्लस बनाने के लिए पंचायतवार कार्ययोजना बनाकर पूर्ण करें। गांवों में भी घर-घर कचरा संग्रहण और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ठोस कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने बिहान के कार्यां की समीक्षा करते हुए कहा कि महिला समूहों को समय पर ऋण चुकाने पर और उन्हें ऋण देने के लिए प्रोत्साहित करें। साथ ही कहा कि बैंकर्स बिना किसी कारण के महिला समूह के लोन प्रकरण को स्वीकृत करने में विलंब न करें। साथ ही कुशल व्यवहार करें। कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी की जानकारी देते हुए बताया कि 182 केंद्रों में एक लाख 30 हजार टन धान की खरीदी की जा चुकी है। यहां किसानों की एंट्री से पहले ही रजिस्टर्ड किया जा रहा है। कलेक्टर लंगेह ने बताया कि अभी तक जिले में 110 प्रकरणों में 12 हजार क्विंटल धान की जप्ती की गई है तथा यह अभियान जारी है।




स्वास्थ्य विभाग की प्रगति, संसाधन उपलब्धता और सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष फोकस किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर सुविधाओं के लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन आवश्यक पहल करते हुए मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। संस्था-गर्भवती प्रसव की दर बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने के निर्देश दिए। गर्भवती माताओं को नियमित एएनसी जाँच, टीकाकरण तथा पोषण परामर्श सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना एवं मातृ वंदना योजना का शत प्रतिशत लाभ लक्षित हितग्राहियों तक पहुँचाने पर जोर दिया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में ऑपरेशन थिएटर विकसित करने, मशीनरी एवं स्टाफ उपलब्धता की समीक्षा की गई। कुपोषण मुक्ति अभियान अंतर्गत गंभीर एवं अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

### योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे

कृषि विभाग की समीक्षा में उन्होंने धान के अलावा अन्य फसलों के लिए अधिक से अधिक किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर किसानों को धान के बदले रागी, कोदो, कुटकी आदि फसल लेने के लिए जागरूक करें। प्रभारी सचिव ने स्कूल छात्रावास में पीएम पोषण योजना के तहत गर्म भोजन देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आश्रम और छात्रावासों का हर सप्ताह निरीक्षण सुनिश्चित हो। पीएम जनमन की समीक्षा में कहा गया कि सभी निर्माणाधीन घरों में अनिवार्य रूप से शौचालय की व्यवस्था हो। साथ ही यह प्रयास करें की इन घरों में पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगाएं, ताकि निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति होती रहे। साथ ही बैठक में प्रभारी सचिव बारिक ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण सड़क विकास, कृषि आदान वितरण पशुपालन, उद्यान और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचे। कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। फील्ड विजिट बढ़ाई जाए और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

---



## नरतोरा में संकुल बैठक, शिक्षकों ने नए प्राचार्य का किया स्वागत

**झलप।** संकुल स्त्रोत केंद्र नरतोरा में बुधवार को आयोजित संकुल स्तरीय बैठक में संकुल के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों ने उच्चतर माध्यमिक शाला नरतोरा के नवपदस्थ प्राचार्य सीएल साहू का गर्मजोशी से स्वागत किया। शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर प्राचार्य का अभिनंदन करते हुए उनके कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था के और सशक्त होने की अपेक्षा जताई। बैठक में हायर सेकेंडरी नरतोरा के व्याख्यातागण भी उपस्थित रहे और उन्होंने संकुल के शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। कार्यक्रम की जानकारी संकुल समन्वयक कमल किशोर कुर्रे ने दी।

## हाईस्कूल लाफिनखुर्द में स्थापना दिवस पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम एवं आनंद मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जागेश्वर चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत तथा जानकी सुंदर साहू सरपंच ग्राम पंचायत लाफिनखुर्द की अध्यक्षत्व में सरस्वती पूजन एवं यज्ञ के साथ हुआ। समिति सदस्यों, स्टाफ, ग्रामवासियों एवं विद्यार्थियों ने यज्ञ में आहुति अर्पित कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इसके उपरांत विद्यालय के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें पंथी नृत्य, करमा नृत्य, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान आदि विषयों पर आधारित प्रहसन शामिल थे।

मुख्य अतिथि चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा समाज की दिशा और दशा दोनों को बदलती है। शिक्षित समाज ही सभ्य समाज का आधार है। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर अध्ययन करने तथा शिक्षा के प्रसार में सबको आगे आने की प्रेरणा दी। जानकी साहू ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में



महिलाओं के लिए भी रोचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें बाल डालना, सुई–धागा, पर्ची उठाना एवं कुर्सी दौड़ शामिल थीं। माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को जीवंत बनाया। इसके अतिरिक्त पूर्व छात्र–छात्राओं के लिए क्विज, पर्ची एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं।

गायत्री परिवार से आए परिजनों ने जन्म शताब्दी वर्ष के महत्व को बताते हुए उपस्थितजनों को युग निर्माण सत्संकल्प कराया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा 13 विविध स्टॉल लगाए गए, जिनमें पकोड़ा, भेल, गुपचुप, दोसा, चाइनीज़ पकोड़ा, मिर्ची भजिया, रसगुल्ला, पापकान आदि व्यंजन उपलब्ध रहे। बच्चों ने उत्साहपूर्वक मेले में भाग लिया। कार्यक्रम अत्यंत आनंददायक रहा तथा लगभग 500 ग्रामवासी, विशेषकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने उपस्थित होकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डीएमसी समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा एवं प्रमोद कन्नौजे ने उपस्थित होकर बच्चों को लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। नवपदोन्नति प्राचार्य तुलेंद्र सागर शाउमावि गढ़सिवनी का भी समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। अंत में संस्था प्रमुख भारत साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर साहू, सदस्य नामदेव साहू, तोषकुमार साहू, संतोष कुमार साहू, उपसरपंच शिव निषाद, प्रीति चंद्राकर, भुवनेश्वरी जांगड़े, ममता ठाकुर, विनीता अंजलि दीवान (व्याख्याता) तथा स्टाफ सदस्य राधेश्याम सोनी, संदीप तिवारी, नवीन आदि मौजूद रहे।

## विरासत को लेकर चुप बैठने वालों में से नहीं थे ललित सुरजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टैक महासमुंद अध्याय के तत्वावधान में प्रखर चिंतक, पत्रकार व इन्टैक छत्तीसगढ़ राज्य अध्याय के संस्थापक कन्विनर स्व. ललित सुरजन की पांचवी पुण्यतिथि पर दो दिसम्बर श्रद्धांजलि सभा एवं विरासत पर आधारित विचार-गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें समकालीन समाज, साहित्य, कला और संस्कृति पर केन्द्रित मासिक पत्रिका अक्षर पर्व के दिसम्बर 2017 के अंक में स्व. ललित सुरजन का लिखा विरासत आधारित प्रस्तावना लेख पर विचार-गोष्ठी हुई।

सर्वप्रथम सह-संयोजक बन्धु राजेश्वर खरे ने लेख का पठन किया। संयोजक दाऊलाल




चन्द्राकर ने कहा कि स्वयं ललित सुरजन विरासत को लेकर चुप बैठने वालों में से नहीं थे। वे हमेशा मुखर रहे तथा लोगों को जागृत करते रहे। वे कहते थे कि विरासत के प्रति लगाव बढ़ाने के लिए आम जनता को भलीभांति शिक्षित किया जाना चाहिए। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं कवियित्री सौरिन चन्द्रसेन ने गोष्ठी में भाग लेते हुए कहा कि वे स्व. सुरजन की जीवन शैली से सभी परिचित व प्रभावित थे। वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल साहू ने कहा कि आधुनिकता के नाम पर बस्तर जैसे सुदूर वनांचल में विरासत धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। इससे बस्तर का हाट-बाजार भी खासे प्रभावित है। पान-पत्तों का स्थान आज प्लास्टिक उत्पादों ने ले लिया है। प्रस्तावना लेख के प्रारंभ में स्व .सुरजन ने कांकेर की अरबों-खरबों साल पुरानी पहाड़ियों पर मानवीय हस्तक्षेप का जिक्र किया, जो काफी चिंतनीय है। उक्त विचार इन्टैक के आजीवन सदस्य रघुनाथ सिन्हा ने व्यक्त किया। सिन्हा ने आगे कहा कि विरासत प्राकृतिक हो या मानव निर्मित, इन्हें विकृत करना निंदनीय है। इसे जन जागरूकता द्वारा रोकना होगा। कार्यक्रम की शुरुआत में स्व.सुरजन की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया एवं समापन में उन्हें मौन श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पत्रकार सालिकराम कन्नौजे, पोषण कन्नौजे, लक्ष्मी चन्द्राकर, महेन्द्र यादव, टोगेश साहू, प्रकाश साहू एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।



## शांत्रीबाई कालेज में विश्व दिव्यांग दिवस पर हुए विविध आयोजन

**महासमुंद।** विश्व दिव्यांग दिवस पर बुधवार को शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में विशेष कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता, समावेशिता एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा देना तथा उनके अधिकारों, क्षमताओं एवं योगदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डा. सविता चन्द्राकर एवं बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चन्द्राकर, सहायक प्राध्यापक शत्रुघन पटेल द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में बीएड विभाग के छात्राध्यापकों द्वारा भाषण, कविताएं एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया और महाविद्यालय में दिव्यांग हितार्थ योजनाओं, सुविधाओं एवं सहायता सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चन्द्राकर ने कहा कि समाज में दिव्यांगजनों को उचित अवसर, सम्मान एवं संसाधन उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है। उनके प्रतिभा एवं कौशल को पहचान कर प्रोत्साहित करना ही सच्ची संवेदना है। बीएड विभागाध्यक्ष मेनका चन्द्राकर ने कहा कि आज हम सभी विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर यहाँ एकत्रित हुए हैं। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि दिव्यांगता कमजोरी नहीं, बल्कि एक अलग क्षमता है, सही अवसर, उचित संसाधन और सकारात्मक माहौल मिले तो कोई भी व्यक्ति अपनी प्रतिभा से समाज को नई दिशा दे सकता है। सहायक प्राध्यापक शत्रुघन पटेल ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में समावेशित शिक्षा को बढ़ावा देता है। हम प्रयासरत हैं कि दिव्यांग विद्यार्थी किसी भी प्रकार से पीछे न रहें। शिक्षा, कौशल विकास, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर सहयोग प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेन्द्र चन्द्राकर, लुकेश साहू, हीना चन्द्राकर, शत्रुघन पटेल, रेशम लाल साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, गोविन्द्र श्रीवास, नरेन्द्र तांण्डी, गुलाब चन्द्राकर, देवानंद चन्द्राकर, विष्णु चन्द्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चन्द्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चन्द्राकर, मानिक पटेल एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### नपाध्यक्ष ने किया सभापतियों के कक्ष का शुभारंभ

**महासमुंद।** नगर पालिका कार्यालय परिसर में बुधवार को पालिका सभापतियों को आबंटित किए गए नवीन कक्षों का विधिवत उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्यों की पारदर्शिता एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा विकास में गति लाने नए कक्ष आबंटित किए गए हैं। अब सभापति अपने कक्ष में अपने वार्डों के नागरिकों तथा संबंधित कार्यों से जुड़ी आवेदकों से सुगमता से मुलाकात कर पाएंगे। इस अवसर पर सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, ईश्वरि संजय भोई, सूरज नायक, जय देवांगन, गुलशन साहू, जीतेन्द्र ध्रुव, हाफिज कुरैशी, विक्की मुस्ताक, शुभ्रा मनीष शर्मा, सुनैना पप्पू ठाकुर, धनेन्द्र चंद्राकर, नीरज चंद्राकर, मुन्ना देवार, राहुल आवड़े एवं विभागीय प्रभारी अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रकबा सुधार व पंजीयन करने के लिए 15 दिसंबर तक का और समय: अलका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार किसान हितैषी सरकार है। कोई भी किसान धान बेचने से वंचित न हो इसलिए एग्रीस्टेक पंजीयन, रकबा सुधार, पंजीयन करने के लिए 15 दिनों का अतिरिक्त समय वंचित किसानों को दिया है। यानि अब 15 दिसंबर तक किसान अपने त्रुटियों को सुधार करवा सकते है। उक्त बातें अल्का चंद्राकर स्वतन्त्र निदेशक इस्पात मंत्रालय भारत सरकार ने जारी वक्तव्य में कही। अलका ने बताया कि केंद्र सरकार या राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ लेने के लिए किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन करवाना आवश्यक है। जिसके माध्यम से ही कोई भी किसान पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, खाद बीज सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं। एक बार किसान का डिजिटल रजिस्ट्रेशन आईडी बनवाने के बाद बार-बार दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी। अन्य जानकारी देते हुए अलका ने बताया कि अब किसानों को अपनी कृषक एवं संस्थागत कैरी फॉरवर्ड, कृषक नवीन पंजीयन, नॉमिनी संशोधन, रकबा/फसल संशोधन जैसे समस्याओं के समाधान या सुधार के लिए तहसील कार्यालय नहीं आने होंगे, बल्कि इन समस्याओं को किसान अपने सहकारी समिति में जाकर ही त्रुटियों का सुधार करवा सकता है। अन्य समस्याओं जैसे संस्थागत नवीन पंजीयन, रेगहा/अधिया पंजीयन, संयुक्त पंजीयन, डुबान पंजीयन या कृषक एवं संस्थागत निरस्तीकरण के लिए तहसील कार्यालय में पहुंचकर सुधार करवा सकते हैं। किसानों के प्रति सजग विष्णुदेव सरकार के निर्देश पर प्रशासन, सहकारी समिति प्रबंधक, सरकार द्वारा नियुक्त सभी प्राधिकृत अध्यक्ष निरंतर कार्य कर रहें हैं।



## स्वच्छता और उत्कृष्ट व्यवस्था की मिसाल, सावित्रीपुर स्कूल का राज्य एसएचवीआर में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सांकरा

पिथौरा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर ने स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एसएचवीआर 2025-26) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर से राज्य स्तरीय मूल्यांकन के लिए स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय, शिक्षकों तथा क्षेत्रवासियों में खुशी और गर्व की भावना है। विद्यालय ने स्वच्छता, हरित परिसर, सुरक्षा व्यवस्था, कचरा प्रबंधन, विद्यार्थी सहभागिता और डिजिटल प्रक्रियाओं जैसे प्रमुख मानकों पर उल्लेखनीय कार्य किया, जिसके आधार पर इसका राज्यस्तरीय चयन संभव हुआ।

विद्यालय परिसर की एक विशेष पहचान इसकी समृद्ध हरियाली है। यहाँ बड़ी संख्या में फलदार, छायादार एवं सुंदरता प्रदान करने वाले पेड़-पौधे लगे हुए हैं, जो पूरे परिसर को प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण प्रदान करते हैं। विभिन्न प्रजातियों के पुष्पों और शोभाकार पौधों ने विद्यालय की आकर्षकता को और बढ़ाया है। विद्यार्थियों और आगंतुकों के सहज उपयोग के लिए सुचारू पार्किंग व्यवस्था, साफ-सुथरी बैठने की बेंचें तथा पानी की उत्तम व्यवस्था



उपलब्ध है। नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन और अनुशासित स्वच्छता ने विद्यालय को 'स्वच्छ एवं सुरक्षित परिसर' का उत्कृष्ट उदाहरण बनाया है।

इस उपलब्धि में प्राचार्य पी सिदार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने स्वच्छता, हरित पहल, सुरक्षा मानकों और अनुशासन पर विशेष ध्यान देते हुए विद्यालय टीम को एक सकारात्मक दिशा दी। प्राचार्य सिदार ने कहा कि यह सफलता शिक्षकों, विद्यार्थियों और समुदाय के सामूहिक प्रयास का परिणाम है, और विद्यालय का सकारात्मक वातावरण ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बताया कि राज्यस्तरीय मूल्यांकन के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं और मानकों को और सुदृढ़ किया जा रहा है। संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने कहा कि सावित्रीपुर विद्यालय ने एसएचवीआर के प्रत्येक मानक को गंभीरता और निष्ठा के साथ पूरा किया है। परीक्षा विभाग के हेड बीडी साहू ने विद्यालय के टीमवर्क को सराहते हुए इसे पिथौरा ब्लॉक के लिए गौरव का विषय बताया। वरिष्ठ व्याख्याता निर्मल साहू ने कहा कि सावित्रीपुर विद्यालय ने एसएचवीआर के सभी चरणों को व्यवस्थित रूप से लागू कर अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत किया है। विद्यालय के शिक्षकगण हरित पहल, स्वच्छता, सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण को लेकर निरंतर सक्रिय रहे हैं। वहीं विद्यार्थियों ने अनुशासन, जिम्मेदारी और उत्साह के साथ प्रत्येक गतिविधि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय परिवार को विश्वास है कि सावित्रीपुर विद्यालय राज्यस्तरीय मूल्यांकन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पिथौरा ब्लॉक और महासमुंद जिले का नाम और अधिक रोशन करेगा।

